wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-19 सागवाड़ा, सोमवार, 13 सितम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## गडावासन गांव में क्वार्ट्ज़ पत्थर की अवैध माइंस का पर्दाफाश

### मौके से जेसीबी, ब्लास्टिंग का कंप्रेसर व ट्रेक्टर को जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**सागवाड़ा।** डूंगरपुर जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने सागवाडा थाना क्षेत्र के केसरपुरा गडावासन गांव में क्वार्ट्ज़ पत्थर की अवैध माइंस का पर्दाफाश किया है। मामले में डीएसटी ने एक जेसीबी, ब्लास्टिंग का कंप्रेसर व ट्रेक्टर को जब्त करते हुए दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। डीएसटी प्रभारी दिलीपदान चारण ने बताया की मुखबिर के जरिये सागवाडा थाना क्षेत्र के केसरपुरा गड़ा वासन गाँव में क्वार्ट्ज पत्थर की बड़े स्तर पर अवैध माइनिंग की शिकायत मिली थी। जिस पर हैड कांस्टेबल नवीन डामोर के नेतृत्व में डीएसटी की टीम ने मौके पर जाकर दबिश दी । इस दौरान मौके पर अवैध खनन किया जा रहा था । टीम ने मौके पर एक जेसीबी, ब्लास्टिंग का कंप्रेसर और ट्रेक्टर को जप्त किया वही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। वही डीएसटी ने मौके से हज़ारों टन खनन से निकला क्वार्ट्ज़ पत्थर भी जप्त किया। गिरफ्तार आरोपियों ने ये काम प्रदीप चौधरी नाम के व्यक्ति के कहने पर करना बताया। इधर कार्रवाई के बाद डीएसटी ने जब्त मशीने व आरोपियों को सागवाडा थाना पुलिस के सुपुर्द किया। वही मामले की जानकारी खनन विभाग को दी गई है। वही खनन विभाग मामले मेंअग्रिम कारवाई करेगा।




केसरपुरा गड़ावासन गांव से जब्त जेसीबी और ट्रैक्टर कंप्रेसर।

## राज्य कर्मचारी घोषित करने सहित अन्य मांगो को लेकर दिया धरना

**डूंगरपुर।** जिले में भारतीय मजदुर संघ व आंगनबाड़ी महिला कर्मचारी संघ ने राज्य कर्मचारी घोषित करने सहित अन्य मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। वही जिला कलेक्टर को प्रधानमन्त्री के नाम ज्ञापन सौपा। सोमवार को भारतीय मजदुर संघ की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी जैन के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हुई और कलेक्ट्रेट के बाहर धरना देते हुए सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इधर प्रदर्शन के बाद भारतीय मजदुर संघ व आंगनबाड़ी महिला कर्मचारी संघ ने जिला कलेक्टर को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में संघ ने आंगनबाड़ी कार्याकर्ता,आशा सहयोगिनियो और साथिनो को राजकीय कर्मचारी घोषित करने, राज्यकर्मचारी घोषित नहीं करने तक न्यूनतम वेतन 18 हजार देने, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्री प्राइमरी स्कूल में बदलने सहित अन्य मांगो को पूरा करने की मांग की है।

## काम के बाद घर लौट रहे मजदूर को लोडिंग टेंपो ने मारी टक्कर मौत

### सिर में गंभीर चोट लगने से तोड़ा दम, ड्राइवर मौके से फरार

**गणेशपुर।** गणेशपुर-लिमडी मार्ग पर लोडिंग टेंपो ने मजदूर को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर दोवड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया।

सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंचे और टेंपो ड्राइवर को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। पुलिस ने परिजनों से समझाइश करते हुए जल्द टेंपो ड्राइवर को पकड़ने का भरोसा दिलाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने टेंपो ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश में जुटी है। थानाधिकारी कमलेश चौधरी ने बताया कि कलारिया निवासी राजेन्द्र अहारी ने रिपोर्ट दी कि उसका बेटा लक्ष्मण मीणा (34) मजदूरी करता है। रविवार को वह देवसोमनाथ गांव की ओर काम से गया था और देर शाम को वापस लौट रहा था। इस दौरान देवसोमनाथ से गणेशपुर-लिमडी रोड पर सामने की तरफ से आ रहे लोडिंग टेंपो ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में लक्ष्मण के सिर पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना के बाद टेंपो ड्राइवर मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने लक्ष्मण को डूंगरपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## संतों के चरणों में बैठने से उद्धार होता हैं - रामनिवास शास्त्री

**सागवाड़ा।** रामधाम मेडता के उत्तराधिकारी संत रामनिवास शास्त्री महाराज ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुऐ कहा हमारी मानवता में कमी है। इसलिए हमें मनुष्य बनो कहा जाता है। महापुरुषों का संग प्राप्त करना चाहिए। मानवता संतो की कृपा से प्रात होती है । हम हमारी संस्कृति हम भूलते जारहै है हम तर्क नही कुतर्क करते महापुरुष, संत जिस रास्ते से चलते है वही रास्ता अपनाना चाहिए। हमारी कथनी और करने में बहुत फर्क है । कहने ओर करने फर्क नही होना चाहिए । धन कि हानी कुछ नही , स्वास्थ्य की हानी कुछ नुकसान जरुर है , परन्तु चरित्र की हानी सब कुछ नुकसान है। महपुरूषो के चरणोमे बेठना चाहिए। संतो के चरणों मे बैठने से व सत्संग से उद्धार होता है।

## एफसीआई से राशन की दुकान तक गेंहू की सप्लाई सूर्यास्त से पहले हो - कलेक्टर

**डूंगरपुर।** जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला ने आज जिला परिषद सभागार में अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक के साथ प्रशासन गांवों के संग अभियान की तैयारी बैठक ली। बैठक में जिला परिषद सीईओ अंजली राजोरिया व एडीएम कृष्णपाल सिंह चौहान सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने सबसे पहले अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक लेते हुए विभागीय योजनाओ की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने रसद विभाग की समीक्षा करते हुए राशन की दुकानों तक गेंहू की आपूर्ति में हो रही गड़बड़ियो को देखते हुए रसद अधिकारी को को एफसीआई से राशन की दुकान तक गेंहू की आपूर्ति सूर्यास्त से पहले सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। वही उन्होंने मौसमी बीमारियों की सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो से जानकारी लेते हुए सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। वही इसके अलावा कलेक्टर ने बिजली, पानी, सिंचाई और शिक्षा विभाग से जुडी योजनाओं व कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। वही इसके बाद कलेक्टर ने प्रशासन गांवों के संग अभियान की तैयारी की समीक्षा करते हुए प्रत्येक विभाग को पंचायत स्तर पर प्री केम्प लगाकर योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ योजनाओं के वंचित पात्र लोगो को चिन्हीकरण करने के निर्देश दिए। जिसमे उन्होंने खासकर समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एव बाल विकास विभाग, कृषि विभाग के अधिकारियो को पंचायत स्तर पर प्री केम्प लगाकर अपने-अपने विभाग की योजनाओं के सम्बन्ध में ग्रामीणों को जागरूक करने व योजनाओं से वंचित पात्र लोगो का चिन्हीकरण करते हुए प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

## श्री कान्हड़दास धाम बड़ा रामद्वारा में स्वामी रामचरण महाराज का मनाया दीक्षा दिवस

**सागवाड़ा।** श्री कान्हड़दास धाम बड़ा रामद्वारा में संत पुनीतराम जी के सानिध्य में अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के संस्थापक आध्याचार्य स्वामी रामचरण महाराज का 270वां दीक्षा पर्व दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । रामद्वारा समिति के अध्यक्ष सुधीर वाडेल एवं उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा श्री महाराज की तस्वीर, पादुका व वाणी जी का पूजन किया गया। इस अवसर पर संत पुनीतराम जी महाराज ने कहा कि विजयवर्गीय परिवार में जन्मे स्वामी रामचरण महाराज ने कृपाराम जी महाराज से दावडा ग्राम में भाद्रपद शुक्ल सप्तमी को दीक्षा ग्रहण की थी ।

## 51मीटर की ध्वज पताका ,रजत पादुका और आभूषण अंबाजी को अर्पित

**सागवाड़ा।** जय अम्बे पद यात्रा संघ टामटिया का 51 सदस्यीय जत्था रजत, आभूषणों, ध्वज पताका लिए उत्तर गुजरात शक्तिपीठ अम्बाजी पहुंचा।

संघ दल प्रभारी मुकेश प्रजापत ने बताया कि अम्बाजी मुख्यमन्दिर जाने के पूर्व पण्डित धर्मेश पण्डया द्वारा संघ माताजी मूर्ति पूजन करने के उपरांत अम्बाजी अर्पण करने वाले रजत आभूषण ध्वज पताका, आभूषणों की विधिविधान से वैदिक मंत्रों से षोडशोपचार विधि से अर्चन द्वारा करवाया गया। इसके बाद विशेष श्रंगारित माताजी रथ की महाआरती करने के बाद माता की जयकारों के साथ ढोल नगाड़ों के साथ पदयात्रा दल द्वारा रजत, चरण पादुका पायजेब, बिच्छुडिया के साथ माताजी अलंकार सामग्रियों को लेकर दल राधे पैलेस से होता हुआ ,कामाक्षी मन्दिर, प्रजापति भवन,जूना बाजार सहित प्रमुख मार्ग शोभायात्रा का विशाल काफिला मुख्यमन्दिर अम्बाजी पहुंचा। जहां संघ के द्वारा रजताभूषण चढ़ाने की सोच पर मन्दिर ट्रस्ट से जुड़े व्यवस्था प्रभारी याग्निक भाई, कनु भाई पुजारी जयंती भाई जोशी ,सतीश भाई आदि द्वारा प्रशंसा की गयी। अभिजीत मुहूर्त में गर्भगृह अंबाजी मुख्यपुजारी केतन भाई दवे के निर्देशानुसार पण्डित धर्मेश पण्डया द्वारा सभी रजताभूषणो का राजोपचार वैदिक मन्त्रो से पूजन विधि कर रजताभूषण मन्दिर ट्रस्ट में अर्पण किये गए।

इस अवसर पर कन्हैयालाल प्रजापत, राकेश पाटीदार,पंकज प्रजापत, दीपक प्रजापत ,भावेश प्रजापत रितेश पण्डया,रोशन भाटिया, दिलीप प्रजापत,घनश्याम प्रजापत, त्रिलोक एकोत, नयमेश व्यास,राहुल सुथार, मोहन प्रजापत ,दिलीप प्रजापत,रवि सुथार आदि सदस्य मौजूद रहे ।

## कबाड़ के सामान की आड़ में हो रही थी शराब की तस्करी

### रतनपुर बोर्डर पर 6 लाख की शराब पकड़ी

**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाडा थाना पुलिस ने रतनपुर बोर्डर पर अवैध शराब से भरे एक बंद बोडी ट्रक को पकड़ा है। पुलिस ने ट्रक से 6 लाख की शराब जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार किया है। बिछीवाडा थानाधिकारी रंजित सिंह ने बताया की मुखबिर के जरिये बीती रात एक बंद बोडी ट्रक में शराब भरकर गुजरात तस्करी की सुचना मिली थी। जिस पर पुलिस ने रतनपुर बोर्डर पर नाकेबंदी के दौरान उक्त ट्रक को रुकवाया और चालक से पूछताछ की तो ट्रक में कबाड़ का सामान होना बताया। जिस पर पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली तो ट्रक में कबाड़ सामान की आड़ में अवैध शराब भरी हुई थी। पुलिस ने ट्रक से 158 कार्टन अवैध शराब के बरामद किये। वही आबकारी अधिनियम में हरियाणा निवासी चालक सुखबीर सिंह को गिरफ्तार किया। जब्त शराब की कीमत करीब 6 लाख रुपए बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपी चालक से पूछताछ कर रही है।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित लघु नाटिकाओं की फिल्म दिखाई

**डूंगरपुर।**

जिले में गांधीजी की 150 वी जयंती वर्ष सत्याग्रह सप्ताह मनाया जा रहा है। सत्याग्रह सप्ताह के तीसरे दिन आज जिले की विभिन्न स्कूलों में बच्चो को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित लघु नाटिकाओं की फिल्म दिखाई गई। वही सोश्यल मीडिया पर इसका प्रसारण भी किया गया। गांधीजी की 150 वी जयंती वर्ष सत्याग्रह सप्ताह की नोडल अधिकारी जनसंपर्क विभाग की सहायक निदेशक छाया चोबीसा ने बताया की गांधीजी की 150 वी जयंती वर्ष के तहत 11 सितम्बर से सत्याग्रह सप्ताह शुरू किया गया है। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी के तहत आज डूंगरपुर शहर सहित गाँवों की विभिन्न स्कूलों में प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चो को बापू के जीवन पर आधारित लघु नाटिकाओ को दिखाया गया वही कई स्कूलों में बच्चो ने उनका जीवंत मंचन भी किया। इस दौरान बच्चों के द्वारा गांधीजी के जीवन के विभिन्न पहुलुओं को बेहतरीन अभिनय कर आकर्षक ढंग से मंचन किया गया। वही उन्होंने बताया की सत्याग्रह सप्ताह के तहत कल 14 सितंबर को ग्राम स्वराज एवं गांधीजी के सपनों का भारत विषय पर निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

## सागवाड़ा के 35 वार्डों में 1 करोड 75 लाख खर्च कर सड़क-नाली का होगा निर्माण

### अनुशंसा पर प्रत्येक वार्ड में खर्च होंगे 5 लाख

**सागवाड़ा।** नगरपालिका सागवाड़ा के विकास को अब गति मिलेगी। नगरपालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि शहर के 35 वार्डों में विकास कार्य कराने की तैयारी शुरू कर दी है। खोडनिया ने बताया कि शहर के 35 वार्डों में 1 करोड 75 लाख खर्च कर सड़क- नाली सहित अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। जिसके कार्यादेश जारी कर दिये है। विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया, उपाध्यक्ष राजु मामा शेख ने पालिका के तकनीकी सहायक किंजल पाटीदार और अक्षय सेवक के साथ शहर के तीन वार्डों का दौरा किया। पार्षद इंद्रजीत मकवाना, दक्षा सोनी और मीना सेवक से उनके वार्ड में होने वाले विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली।



शहर के दौरे पर निकले पालिकाध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया।

अध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि पुराने शहर सेठों की पोल, कंसारों की पोल, गांधियों की पोल और जूना मंदिर क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली और संबंधित तकनीक सहयक को गुणवत्ता युक्त कार्य करने के निर्देश दिए। खोडनिया ने बताया कि नगरपालिका की पहली बैठक में ये घोषणा की गई थी कि शहर के प्रत्येक वार्ड में पार्षदों की अनुशंसा पर विकास कार्य किये जाएंगे।

## भीलवा पंचेला व नागरीया पंचेला में किसान ग्राम समिती ने भगवान बलराम जयंती उत्सव मनाया

**झौथरी।** भारतीय किसान संघ तहसील क्षेत्र झौंथरी के किसान ग्राम समिती भीलवा पंचेला व किसान ग्राम समिती नागरीया पंचेला में भगवान बलराम जयंती उत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। तहसील अध्यक्ष माणकलाल रोत के नेतृत्व में भीलवा पंचेला के स्वतंत्रता सेनानी सेंगा भाई की समाधि स्थल पर भगवान बलराम जयंती उत्सवमनाया गया। जिसमें गांव के 32 किसानों ने भाग लिया। इसी प्रकार नागरीया पंचेला में आयोजित कार्यक्रम में 38 किसानों ने भाग लिया। तहसील अध्यक्ष माणकलाल रोत ने किसानों की समस्याओं को सुना और उसको संघ तक पंहुचाने की बात की और भगवान बलराम जयंती उत्सव पर विस्तृत जानकारी दी।

## राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा सीमलवाड़ा ने सौंपा ज्ञापन

**सीमलवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा सीमलवाड़ा ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आज उपखंड़ कार्यालय में ज्ञापन सौंपा ।उपशाखा मंत्री राजेश कुमार पाटीदार ने बताया कि प्रदेश की कार्य योजना अनुसार आज प्रदेश के उपखंड़ कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार व शिक्षा मंत्री को शिक्षको की लंबित सात सूत्री मांगों की ओर ध्यान आकर्षित करने व स्वामी विवेकानंद मॉडल विद्यालय सीमलवाड़ा, जिला डूंगरपुर के शिक्षको को बजट अभाव के कारण तीन तीन माह से वेतन न मिलने से शिक्षको को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। साथ ही राजकीय विद्यालय से विद्यालय समय ढाई घंटे अधिक है । राजकीय कार्मिकों की तरह मॉडल विद्यालय के कार्मिकों का वेतन ऑटो प्रोसेज से किया जाए, साथ ही एक घंटा समय मे राहत प्रदान करने का आग्रह किया । ज्ञापन के समय पूर्वजिला अध्यक्ष प्रवीण जैन, विद्युत सिंह चौहान,उपशाखा अध्यक्ष रमेश लबाना,नानूराम कटारा, दिलीपसिंह चौहान, करण सिंह डामोर,राकेश पण्डया, राजेश पाटीदार, भगवतसिंह चूंडावत,ऋतुराज सिंह चौहान, अक्षय डामोर, महेंद्र पाटीदार शिक्षक उपस्थित थे ।

## मेवाड़ और वागड़ के देवालय में पहली बार अर्पित होगा मे ब्रह्म कमल

### योगी प्रकाशनाथ के नेतृत्व में पांच सदस्यों का एक जत्था उत्तराखंड स्थित श्री शक्ति पीठ पहुंचा



योगी प्रकाशनाथ के नेतृत्व में श्री शक्ति पीठ पहुंचा जत्था।

**सागवाड़ा।** रुद्र वाहीनी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पशुपतिनाथ आश्रम धोलागढ़ के योगी प्रकाशनाथ के नेतृत्व में पांच सदस्यों का एक जत्था उत्तराखंड स्थित श्री शक्ति पीठ पहुंचा ।जहां केवल पैदल ही जाया जाता है। सात दिवसीय पदयात्रा अंतर्गत हिमालय एवं कैलाश की पीर पंजाल पहाडियों में स्थित अत्यंत दुर्गम एवं कठिन रास्ते से होते हुए चौथे दिन मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ प्राप्त किया। जहां पर रास्ते में जुलाई से सितम्बर माह में केवल एक बार खिलने वाले भगवान ब्रह्मा जी के अत्यंत दुर्लभ ब्रहम कमल को प्राप्त किया ।

उक्त ब्रह्म कमल शेषपुर के निष्कंलक धाम, धोलागढ महादेव,पशुपतिनाथ, एक लिंगनाथ, बेणेश्वर, नया महादेव, अलोपेश्वर, बडलीया धुणी, भासोर, शामलाजी सहित भर्तृहरि गुफा उज्जैन के पीर योगी रामनाथजी के सानिध्य मे भगवान महाकाल को अर्पित किया जाएगा।

## करावाडा के निलकंठ महादेव मंदिर में हुआ हवन अनुष्ठान

**झौथरी।**

करावाडा स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में रविवार को हवन यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन हुआ। श्रावण मास की पुर्णाहुति निमित्त हवन अनुष्ठान शास्त्री दिनेश जोशी द्वारा मुख्य यजमान कचरुलाल पाटीदार के सानिध्य में हुआ। पूजा अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ अनुष्ठान हुआ। इस दौरान नंबरदार प्रभूलाल पाटीदार , पंकज पाटीदार, पुरुषोतम लाल पाटीदार, हरिप्रसाद पाटीदार, माधवजी दादा, किशोरीलाल पाटीदार, बंशीलाल पाटीदार सहित ग्रामीण मौजूद रहे ।

## बरामदे में सो रहे बेटे का बार-बार मोबाइल बजने पर पिता उठकर आए, इकलौता बेटे के पशु घर में फंदे से लटका मिला

### बीएससी थर्ड ईयर का छात्र होते हुए टैक्सी चलाता था मृतक

**सीमलवाड़ा।** चौरासी थाना क्षेत्र में रविवार रात फंदा लगाकर एक स्टूडेंट ने सुसाइड कर लिया। बेटे को फंदे से लटका देखकर माता-पिता बेसुध हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी भिजवाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौंप दिया। पाड़ली गुजरेश्वर निवासी मोहब्बतसिह (52) ने पुलिस रिपोर्ट में बताया कि उसका बेटा कुंदन सिंह (21) रविवार रात को घर पर था। परिवार के सभी लोगों ने एक साथ खाना खाया था। जिसके बाद बेटा कुंदन सिंह घर के आगे के बरामदे में सो गया। वहीं, पिता मोहब्बत सिंह, मां प्रकाश कुंवर, बेटी नयना घर के अंदर कमरे में सो गए। देर रात को कुंदन सिंह के मोबाइल पर कॉल आया और घंटिया बजने लगी। लेकिन कुंदनसिंह ने फोन नहीं उठाया। बार-बार मोबाइल की घंटिया सुन अंदर कमरे में सोए पिता मोहब्बत सिंह उठकर आए और देखा तो बेटा कुंदन सिंह खांट पर नहीं था। उसको ढूंढा तो पशु घर में कड़े से रस्सी का फंदा लगाकर लटका हुआ मिला। बेटे को फंदे पर लटका देख माता-पिता फूट-फूटकर रोने लगे, जिस पर आस-पास के लोग दौड़कर आ गए और उसे फंदे से नीचे उतारा। लेकिन कुंदनसिंह की तब तक मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर चौरासी थानाधिकारी बंशीलाल मय जाब्ता मोके पर पंहुचे और घटना की जानकारी ली। इसके बाद शव को डूंगरपुर जिला अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया। युवक के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन युवक के मानसिक रूप से तनाव में होने की संभावना जताई जा रही है। मृतक कुंदनसिंह बीएससी थर्ड ईयर का छात्र था और डूंगरपुर के एक निजी कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। इसके अलावा कुंदन सिंह टैक्सी भी चलाता था, जिससे कि आमदनी हो जाए। उसके खुद के पास एक जीप है, जिसे वह किराए में चलाने के लिए इस्तेमाल करता था। हादसे में बेटे की मौत के बाद से परिवार सदमे में है। वहीं कुंदनसिंह दो बहनों के बीच इकलौता बेटा था।